# प्रादेशिक समाचार
## 07.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. झारखंड विधानसभा में आज ग्रामीण विकास विभाग की 98 अरब से अधिक की अनुदान मांग मंजूर, सिरमटोली सरना स्थल, साधु हत्याकांड और अधिवक्ता सुरक्षा कानून पर सदन में हंगामा, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष की मिली मान्यता।

2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा की महिला विधायकों से की मुलाकात, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की दी शुभकामनाएं।

3. झारखंड समेत देश भर में मनाया गया जन औषधि दिवस, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने जन औषधि योजना को बताया मरीजों के लिए वरदान।

4. खूंटी में कृषि उद्यान मेला सह प्रदर्शनी का हुआ आयोजन, किसानों को तकनीकी खेती के लिए किया गया प्रोत्साहित।

5. महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में आज दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला गुजरात जायंट्स से होगा।

******************

झारखंड विधानसभा बजट सत्र के नौवें दिन आज ग्रामीण विकास विभाग के 98 अरब से अधिक की अनुदान मांग को मंजूरी दी गई। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अबुआ आवास योजना और मनरेगा के तहत किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी, जबकि भाजपा ने भ्रष्टाचार और योजनाओं की धीमी प्रगति का आरोप लगाया। कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरांव ने सिरमटोली सरना स्थल के पास फ्लाईओवर निर्माण का मुद्दा उठाया, जिस पर सरकार ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। विधायक जयराम महतो ने अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की, वहीं भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने चान्हो में साधु हत्याकांड पर सरकार से जवाब मांगा। स्पीकर रविंद्रनाथ महतो ने सदन में घोषणा की कि भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। उन्हें विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दी गई।

******************

विधानसभा बजट सत्र के दौरान आज जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय ने नेता प्रतिपक्ष के चयन और कानून व्यवस्था पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अब नेता प्रतिपक्ष चुने जाने से सरकार को कोई बहाना नहीं मिलेगा और विधानसभा सुचारू रूप से चलेगी। सरयू राय ने सरकार पर विधानसभा में गलत जवाब देने का आरोप लगाया। साथ ही, राज्य में बढ़ते अपराधों को लेकर कानून व्यवस्था की विफलता पर सवाल उठाए।

******************

कल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा की महिला विधायकों से मुलाकात कर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही राज्य और समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

इधर, पश्चिमी सिंहभूम में महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश करते हुए ज़िला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की ने खेल और जीवन में संतुलन बनाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई।

उधर रासमनी दासव्य ने मुख्यमंत्री दाल–भात केंद्र चलाकर आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल की और अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया।

******************

राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने रांची विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में सफल विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इन में 63 में से 48 गोल्ड मेडल लड़कियों ने जीते, जबकि डिग्री प्राप्त करने वालों में भी महिलाओं की संख्या अधिक रही। राज्यपाल ने छात्रों को संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करने और समाजसेवा के जरिए पहचान बनाने की सलाह दी।

******************

देश में आज जन औषधि दिवस मनाया जा रहा है, जन औशधि केंद्रों के तहत मरीजों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं मिल रही हैं। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने इसे मरीजों के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि इससे अब तक 30 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2027 तक देशभर में 25 हजार नए जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे।

झारखंड में भी इस योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है और जेनरिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा मिला है। दुमका जिले के लाभुकों ने कहा है कि जन औषधि केंद्र उनके लिए वरदान साबित हो रहे हैं।

******************

रामगढ़ जिले में भी संचालित जन औषधि केंद्र गरीब मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। खूंटी जिले के कचहरी मैदान में जिला कृषि विभाग, आत्मा और जेएसएलपीएस द्वारा कृषि उद्यान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेले में ऑर्गेनिक सब्जियों, नगदी फसलों, लाह उत्पादन और सिंचाई तकनीकों की प्रदर्शनी लगाई गई। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने स्टॉल का निरीक्षण कर किसानों को तीन फसल उत्पादन की दिशा में काम करने की सलाह दी।

इस अवसर पर लाभुकों को बकरियां सौंपी गईं और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई।

******************

<u>कुछ संक्षिप्त खबरें–</u>

1) धनबाद जिले में पूर्व विधायक और भाजपा नेत्री सीता सोरेन के निजी सहायक देवाशीष मनोरंजन घोष को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पैसे के विवाद को लेकर घोश ने सीता सोरेन पर पिस्तौल तानी थी।

2) गुमला जिले में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक हुई। उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया।

3) हजारीबाग में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में मुखिया की भूमिका पर जोर दिया गया।

******************

झारखंड में मौसम का उतार चढ़ाव जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होगी और अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री और अधिकतम तापमान 4 डिग्री तक बढ़ सकता है।

आज रांची में अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर में 32 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस और डालटनगंज में 30 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में आज लखनऊ में शाम साढे सात बजे से दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला गुजरात जायंट्स से होगा। अंक तालिका में दिल्ली पहले और गुजरात तीसरे स्थान पर है। कल मुंबई इंडियन्स ने यूपी वारियर्स को छह विकेट से हराया।

********समाप्त********